कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0
लोक निर्माण विभाग, लखनऊ
व्यवस्थापन (ग) वर्ग

पत्रांकः 10105 व्यग / 07 व्यग(58)पदोन्नति / 2009 दिनांक- 03 / 11 / 2022,

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता,
लो0नि0वि0, उ0प्र0,.............................. ।

विषय- खण्डीय लिपिकों की पदोन्नति के सम्बन्ध में।

संदर्भः- इस कार्यालय का पत्रांक-2096व्यग / 07व्यग(58) / पदोन्नति / 2009 दिनांक 10.08.2022

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कार्यालय-ज्ञाप संख्या-3644व्यग / 07व्यग(15) / 13 दिनांक 27.11.2019 द्वारा प्रचलित ज्येष्ठता सूची के अन्तर्गत खण्डीय संवर्ग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के रिक्त पदों पर पदोन्नति किये जाने हेतु ज्येष्ठता कमांक आवंटित करते हुये कमांकों के अनुसार कार्मिकों की पदोन्नति हेतु चयन चार्ट मागे गये थें, जिसके कम में दिनांक 13.09.2022 तक प्राप्त चयन चार्टों के सापेक्ष पदोन्नति की कार्यवाही की जा चुकी है। परन्तु अभी भी पद रिक्त है।

अतः उपरोक्त संदर्भित पत्र के अनुपालन में आवंटित ज्येष्ठता कमांक-40 से 210 तक के छूटे हुये कर्मचारियों के चयन-चार्ट दिनांक 20.11.2022 तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि पात्र कार्मिकों की पदोन्नति हेतु अनुपूरक डी0पी0सी0 की बैठक की कार्यवाही उपरान्त पदोन्नति की कार्यवाही की जा सकें।

संलग्नकः- सूची।

(वी0के0 जैन)
मुख्य अभियन्ता (मु0-2)
लो0नि0वि0, लखनऊ

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रमुख अभियन्ता (परि0 / नियो0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
2. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0।
3. समस्त अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0।
4. प्रान्तीय अध्यक्ष / महामंत्री, उ0प्र0 लो0नि0वि0, मिनि0 एस0 प्रेरणा सदन, महात्मा गॉधी मार्ग लखनऊ।

मुख्य अभियन्ता (मु0-2)
लो0नि0वि0, लखनऊ

**खण्डीय कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु प्राप्त/अपेक्षित चयन चार्ट की स्थिति**

कृपया कार्यालय पत्र संख्या–2096व्यग/7व्यग(58)पदोन्नति दिनांक– 10.08.2022 द्वारा खण्डीय कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु ज्येष्ठता क्रमांक–40से 210 तक आवटित किये गये है।

खण्डीय कार्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के कुल स्वीकृत 41 पदो के सापेक्ष कार्यरत/रिक्त पदो का विवरण एवं प्राप्त/अप्राप्त चयन चार्ट की स्थिति निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | ज्येष्ठता क्रमांक | कर्मचारी का नाम | जन्म तिथि | प्रथम नियुक्ति की तिथि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 77 | श्री आनन्द कुमार श्रीवास्तव | 13.02.1963 | 12.04.1982 | प्रशासनिक अधिकारी/चयन चार्ट प्राप्त |
| 2 | 129 | श्री राकेश कुमार | 05.05.1965 | 17.091983 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 3 | 131 | श्रीमती तहसीन जोहरा | 15.08.1963 | 22.11.1983 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 4 | 141 | श्री रामसेवाई | 01.07.1963 | 04.03.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 5 | 149 | श्री शशि कुमार मिश्रा | 03.02.1965 | 22.05.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 6 | 150 | श्री राजेश कुमार पाण्डेय | 10.04.1965 | 16.06.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 7 | 151 | श्री असीम कुमार | 04.04.1965 | 26.06.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 8 | 152 | श्री अजय कुमार शर्मा | 27.09.1963 | 28.07.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 9 | 170 | श्री पारसनाथ श्रीवास्तव | 31.07.1963 | 17.10.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 10 | 171 | श्री भागीरथी | 12.09.1963 | 17.10.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 11 | 173 | श्री जोखू यादव | 05.05.1964 | 17.10.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 12 | 175 | श्री प्रेमनाथ | 13.10.1964 | 17.10.1984 | प्रशासनिक अधिकारी/चयन चार्ट प्राप्त |
| 13 | 176 | श्री तारकेश्वर सिंह | 24.03.1965 | 17.10.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 14 | 178 | श्री रवि कुमार श्रीवास्तव | 19.03.1966 | 17.10.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 15 | 182 | श्री अशोक कुमार | 01.01.1966 | 19.10.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 16 | 188 | श्री जयप्रकाश नरायन श्रीवास्तव | 01.07.1966 | 07.11.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 17 | 189 | श्री मनोहर सिंह | 22.09.1965 | 19.11.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 18 | 191 | श्री उमेशचन्द्र वर्मा | 15.05.1963 | 31.12.1984 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 19 | 193 | श्री राजेश्व कुमार सिंह | 01.01.1964 | 11.01.1985 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 20 | 194 | श्री प्रेमनरायन त्रिपाठी | 01.01.1964 | 23.11.1985 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 21 | 197 | श्री वसामत हुसैन | 01.01.1966 | 26.02.1985 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 22 | 200 | श्री रामकिशोर | 25.06.1966 | 10.05.1985 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 23 | 201 | श्री सुशील कुमार सक्सेना | 30.03.1963 | 10.06.1985 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 24 | 204 | श्री श्रीकान्त मिश्रा | 19.01.1968 | 08.10.1985 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 25 | 206 | श्री राजनरायन | 11.03.1964 | 20.11.1985 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 26 | 207 | श्री रविशंकर शर्मा | 24.11.1962 | 06.12.1985 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 27 | 209 | श्री राकेश कुमार त्रिवेदी | 02.06.1963 | 14.02.1986 | प्रशासनिक अधिकारी |

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0
लोक निर्माण विभाग, लखनऊ
व्यवस्थापन 'ग' वर्ग

पत्रांकः—10103 व्यग / 07व्यग(06) / संघ / 2022 दिनांकः 3/11 /2022

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता,
लो0नि0वि0, उ0प्र0।

विषयः—05.01.2019 के पूर्व एवं बाद में नियुक्त खण्डीय कार्मिकों के नाम ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु वांछित सूचना के संबंध में।

संदर्भः—इस कार्यालय का पत्रांक—1218व्यग / 07व्यग(89) / 2021(भाग—2) दिनांक 02.09.2022 एवं स्मरण पत्र सं0—10019व्यग / 07व्यग(06) / 22 दिनांक 25.10.2022

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अपेक्षा की गयी थी कि दिनांक 05.01.2019 से पूर्व नियुक्त किसी खण्डीय सहायक का नाम ज्येष्ठता सूची में नहीं छुटा है का प्रमाण पत्र दिनांक 10.11.2022 तक उपलब्ध करा दिया जाये। इसी प्रकार दिनांक 05.01.19 के पश्चात् नियुक्त खण्डीय सहायकों के नाम अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में जोडने हेतु दिनांक 10.11.2022 तक वांछित सूचना / विवरण इस कार्यालय को उपलब्ध करा दिये जायें।

अतः पुनः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार वांछित कार्यवाही तत्काल अपने स्तर से सुनिश्चित करते हुए ससमय सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(वी0के0 जैन)
मुख्य अभियन्ता (मु0—2)
लो0नि0वि0, लखनऊ

प्रतिलिपि—प्रान्तीय अध्यक्ष / महामंत्री, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, प्रेरणा सदन लखनऊ को बैठक दिनांक 28.10.2022 के कार्यवृत्त बिन्दु सं0—4 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

3.11.22

मुख्य अभियन्ता (मु0—2)
लो0नि0वि0, लखनऊ

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0
लोक निर्माण विभाग, लखनऊ
व्यवस्थापन 'ग' वर्ग

10101
पत्रांकः– 100103 व्यग / 07व्यग(06) / संघ / 2022 दिनांकः 3/11/2022

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता,
लो0नि0वि0, उ0प्र0।

**विषयः–शासन द्वारा सम्बद्धीकरण समाप्त किये जाने के आदेश होने के बावजूद खण्डीय सहायकों को सम्बद्ध किये जाने के संबंध में।**

**संदर्भः**–प्रमुख अभियन्ता (परि0 / नियो0) / मिनिस्टीरियल एसो0 के पदाधिकारियों के मध्य हुई बैठक के कार्यवृत्त पत्रांक–3531व्यख / सेवा संघ / मि0एसो0 दिनांक 28.10.2022

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसमें उपरोक्त संदर्भित बैठक में यह संज्ञान में लाया गया है कि क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ताओं द्वारा अन्य कार्यालयों में क्षेत्रीय / वृत्तीय / खण्डीय कार्यालय के कार्मिकों सम्बद्धीकरण किया गया है, उक्त सम्बद्धीकरण को तत्काल समाप्त कर दिया जाये। केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में नवसृजित 06 मुख्य अभियन्ता कार्यालयों में सम्बद्धीकरण किया जा सकता है, क्योंकि अभी उक्त कार्यालयों में पद स्वीकृत नहीं है।

अतः अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्तानुसार वांछित कार्यवाही तत्काल अपने स्तर से सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत करायें।

(वी0के जैन)
मुख्य अभियन्ता (मु0–2)
लो0नि0वि0, लखनऊ

**प्रतिलिपि**–प्रान्तीय अध्यक्ष / महामंत्री, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, प्रेरणा सदन लखनऊ को बैठक दिनांक 28.10.2022 के कार्यवृत्त बिन्दु सं0–5 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

3.11.22

मुख्य अभियन्ता (मु0–2)
लो0नि0वि0, लखनऊ

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0
लोक निर्माण विभाग, लखनऊ
व्यवस्थापन 'ग' वर्ग

10099

पत्रांकः– 10098 व्यग / 07व्यग(06) / संघ / 2022

दिनांकः 3 / 11 / 2022

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता /
अधीक्षण अभियन्ता /
अधिशासी अभियन्ता,
लो0नि0वि0, उ0प्र0।

**विषयः–खण्डीय सहायकों की खण्ड एवं वृत्त स्तर पर समय से वार्षिक गोपनीय आख्याएं लिखे जाने के संबंध में।**

**संदर्भः**–इस कार्यालय का पत्रांक–10014व्यग / 7व्यग(06) / 22 दिनांक 21.10.2022

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अपेक्षा की गयी थी कि वार्षिक गोपनीय आख्याएं लिखे जाने के सम्बन्ध में शासनादेशों का पालन विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है जिसके कारण स्थायीकरण, पदोन्नति, ए0सी0पी0 एवं अन्य प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब होता है। विभिन्न शासनादेशों में निहित व्यवस्थानुसार समय से वांछित गोपनीय आख्याएं लिखे जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।

अतः पुनः अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्तानुसार वांछित कार्यवाही तत्काल अपने स्तर से अधीनस्थ से विभिन्न शासनादेशों में निहित निर्देशानुसार समय से कराया जाना सुनिश्चित करें।

**(वी0के जैन)**
**मुख्य अभियन्ता (मु0–2)**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**

प्रतिलिपि–प्रान्तीय अध्यक्ष / महामंत्री, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, प्रेरणा सदन लखनऊ को बैठक दिनांक 28.10.2022 के कार्यवृत्त बिन्दु सं0–11 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

3.11.22

**मुख्य अभियन्ता (मु0–2)**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0
लोक निर्माण विभाग, लखनऊ
व्यवस्थापन 'ग' वर्ग

पत्रांकः– 10100 व्यग / 07व्यग(06) / संघ / 2022 दिनांकः 3/11 /2022

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता,
लो0नि0वि0, उ0प्र0।

**विषयः–स्थानान्तरण उपरान्त कर्मचारियों को कार्यमुक्त किये जाने के संबंध में।**

**संदर्भः**–प्रमुख अभियन्ता (परि0 / नियो0) / मिनिस्टीरियल एसो0 के पदाधिकारियों के मध्य हुई बैठक के कार्यवृत्त पत्रांक–3531व्यख / सेवा संघ / मि0एसो0 दिनांक 28.10.2022

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। उपरोक्त संदर्भित बैठक में यह संज्ञान में आया है कि समस्त स्थानान्तरित / पटल परिवर्तन वाले कर्मचारियों को अभी भी कार्यमुक्त नहीं किया गया है। अतः एक बार पुनः इस संबंध में परीक्षण कर लिया जाये। यदि कोई कर्मचारी कार्यमुक्त होने हेतु अवशेष हो तो तत्काल कार्यवाही की जाये।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार वांछित कार्यवाही तत्काल अपने स्तर से सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत करायें।

(वी0के जैन)
मुख्य अभियन्ता (मु0–2)
लो0नि0वि0, लखनऊ

**प्रतिलिपि**–प्रान्तीय अध्यक्ष / महामंत्री, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, प्रेरणा सदन लखनऊ को बैठक दिनांक 28.10.2022 के कार्यवृत्त बिन्दु सं0–9 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

3.11.22

मुख्य अभियन्ता (मु0–2)
लो0नि0वि0, लखनऊ

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,उ0प्र0
लोक निर्माण विभाग,लखनऊ
व्यवस्थापन (ग) वर्ग

पत्रांकः– 1829 व्यग / 07 व्यग(34) / 2022 दिनांक– 3 / 11 /2022.

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता,
लो0नि0वि0, ..............................।

विषय– पटल परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में सूचना।

संदर्भः– इस कार्यालय का पत्रांक–1632व्यग / 07व्यग(34) / 2022 दिनांक–07.07.2022

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासनादेश संख्या–8 / 2022 / सा0–119 / सैतालिस / 4–2022(1 / 3 / 96) दिनांक 13.05.2022 के अनुसार 3 वर्ष से अधिक के समूह 'ग' के सभी कर्मचारियों का पटल परिवर्तन आवश्यक है, ऐसा संज्ञान में आया है कि कुछ कर्मचारी जिनका पटल परिवर्तन होना अभी भी शेष है।

अतः अनुरोध है कि यदि समूह 'ग' के किसी कर्मचारी का पटल परिवर्तन होना शेष रह गया हो, उनका पटल परिवर्तन करते हुए दिनांक 10.11.2022 तक सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

(वी0के0 जैन)
मुख्य अभियन्ता (मु0–2)
लो0नि0वि0, लखनऊ

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख अभियन्ता (परि0 / नियो0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
2. प्रान्तीय अध्यक्ष / महामंत्री, उ0प्र0 लो0नि0वि0, मिनि0 एसो0 प्रेरणा सदन, महात्मा गॉधी मार्ग लखनऊ।

3.11.22

मुख्य अभियन्ता (मु0–2)
लो0नि0वि0, लखनऊ

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0
लोक निर्माण विभाग, लखनऊ
व्यवस्थापन 'ग' वर्ग

पत्रांकः– 10102 व्यग / 07व्यग(06) / 2022 दिनांकः 3/11 /2022

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता,
लो0नि0वि0, उ0प्र0।

विषयः–छद्म शिकायतों पर बिना विभागीय जाँच कराये खण्डीय सहायकों के विरूद्ध कार्यवाही न किये जाने के संबंध में।

संदर्भः–इस कार्यालय का पत्रांक–1710व्यग / 07व्यग(06) / संघ / 2022 दिनांक 09.09.2022

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयगत शिकायती प्रकरणों में बिना विभागीय जाँच के कार्यवाही न किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

अतः अनुरोध है कि विभागीय कर्मचारियों के विरूद्ध प्राप्त छद्म शिकायतों पर नियमानुसार सक्षम स्तर से वांछित जांच कराये जाने के उपरान्त ही किसी प्रकार की कोई कार्यवाही की जाये।

(वी0के0 जैन)
मुख्य अभियन्ता (मु0–2)
लो0नि0वि0, लखनऊ

प्रतिलिपि–प्रान्तीय अध्यक्ष / महामंत्री, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, प्रेरणा सदन लखनऊ को बैठक दिनांक 28.10.2022 के कार्यवृत्त बिन्दु सं0–6 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

3.11.22

मुख्य अभियन्ता (मु0–2)
लो0नि0वि0, लखनऊ